**सत्र : 2024-2025**

**कक्षाः दसवीं**

**विषय :हिंदी**

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित)=80 अंक**

**आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक**

**नोट-** (i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे ।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न होंगे।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

**भाग-क : बहुवैकल्पिक प्रश्न (15)**

प्रश्न-1: (i) में निर्धारित विषयों-संधि (स्वर संधि), समास (तत्पुरुष व कर्मधारय समास), भाववाचक संज्ञा निर्माण, पर्यायवाची शब्द में से चार बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4 x1=4

(ii) में 'हिंदी पुस्तक-10' में से कविता, कहानी के अभ्यासों में दिए गए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'I'में दिए गए प्रश्नों में से चार बहुवैकल्पिक प्रश्न ( कविता में से 2, कहानी में से 2) पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4 x1=4

(iii)पाठ्य पुस्तक के पद्यांश पर आधारित चार बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। पद्यांश को पढ़कर दो प्रश्नों के सही विकल्प ढूँढ़कर लिखने होंगे। अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ, पद्यांश के केन्द्रीय भाव/ मूल भाव सम्बन्धित दिए जाएँगे। 4 x1=4

(lv) मुहावरे एवं लोकोक्तियों से संबंधित तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 3x1=3

**अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (15)**

**विशेष नोट :** इसमें 'हाँ/ नहीं' अथवा 'रिक्त स्थानों की पूर्ति' अथवा 'सही/गलत' अथवा 'मिलान कीजिए', 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य में उत्तर दें' किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है :

(v)एक अपठित गद्यांश देकर उसके नीचे पाँच प्रश्न (तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर, एक कठिन शब्द के अर्थ, एक प्रश्न गद्यांश के शीर्षक/ केन्द्रीय भाव से सम्बन्धित) दिए जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5 x1=5

(vl) में निर्धारित विषयों- 'विशेषण निर्माण', 'समरूपी भिन्नार्थक शब्द', 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द', 'विलोम शब्द', 'अनेकार्थी' शब्द और 'वाक्य शुद्धि' में से छह प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 6x1=6

(vll) में 'हिंदी पुस्तक-10' में 'निबन्ध' एवं 'एकांकी' के अभ्यासों में दिए गए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'I'में दिए गए प्रश्नों में से चार प्रश्न (निबन्ध में से 2 तथा एकांकी

में से 2) पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा ।  4  x1=4

**भाग- (ख) ( पाठ्य पुस्तक में से अन्य प्रश्न )  (20)**

प्रश्न-2 में 'हिंदी पुस्तक 10' में से 'कहानी', 'निबन्ध' एवं 'एकांकी' के अभ्यासों में दिए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'II' में दिए गए प्रश्नों में से छह प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से चार प्रश्नों के उत्तर लगभग तीन-चार पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा।  4  x2=8

प्रश्न-3 पाठ्य पुस्तक के ' गद्य भाग ' '(कहानी', 'निबन्ध' एवं 'एकांकी') के निबन्धात्मक प्रश्नों (अभ्यासों में दिए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'III' में दिए गए प्रश्न)में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न ( प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जाएँगे,जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा।  3x4=12

**भाग- (ग) अनुवाद (पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद)  (5)**

प्रश्न-4. यह प्रश्न 'अनुवाद' से सम्बन्धित होगा। इस प्रश्न में पंजाबी का एक लगभग 35-40 शब्दों का एक गद्यांश देकर उसका हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा।  5

**भाग- (घ) विज्ञापन, सूचना और प्रतिवेदन  (  5)**

प्रश्न -5. 'विज्ञापन', 'सूचना' और 'प्रतिवेदन' तीनों में से किन्हीं दो में से प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा।  5

**(ङ)  ( रचनात्मक लेखन)  (15)**

प्रश्न-6. यह प्रश्न 'पत्र लेखन' से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा।  7

प्रश्न-7. यह प्रश्न 'अनुच्छेद-लेखन' से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखने के लिए कहा जाएगा।  8

**भाग- (च)  प्रपत्र -पूर्ति  (5)**

प्रश्न-8. बैक, डाकखाना, रेलवे से सम्बन्धित प्रपत्रों में से किन्हीं दो के प्रपत्र देकर उनमें से किसी एक प्रपत्र की पूर्ति करने के लिए कहा जाएगा। प्रपत्र की रूपरेखा प्रश्न-पत्र में ही दी जाएगी।  5x1=5

विशेष : प्रश्न पत्र निर्माता बैक, डाकखाना,रेलवे से सम्बन्धित प्रश्न में किसी भी प्रपत्र में पाँच स्थानों की पूर्ति करने के लिए दे। प्रत्येक रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 1 अंक निर्धारित है।

*विशेष नोट-पाठ्य पुस्तक (हिंदी पुस्तक-10) के अभ्यासों को निम्नलिखित शीर्षकों से प्रस्तुत किया गया है -*

*1.विषय बोध 2 भाषा बोध 3.रचनात्मक अभिव्यक्ति 4.पाठ्येतर सक्रियता 5. ज्ञान विस्तार*

*परीक्षा में केवल विषय बोध व भाषा बोध से सम्बन्धित प्रश्न ही पूछे  जाएँगे । रचनात्मक अभिव्यक्ति, पाठ्येतर सक्रियता व ज्ञान विस्तार का उपयोग विद्यार्थी की प्रतिभा निखार हेतु आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत किया जाए।*

## सत्र : 2024-2025

### कक्षाः दसवीं, विषय :हिंदी

### मॉडल टेस्ट पेपर

समय : 3 घंटे | पूर्णांक (लिखित)=80अंक
आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक

नोट- (i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे ।
(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न होंगे।
(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

### भाग-क

**प्रश्न-1.(I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनिए। 4x1=4**

(I) 'जीविकोपार्जन' शब्द का सही संधि-विच्छेद चुनकर लिखिए -
(क ) जीविको +पार्जन ( ख) जीविका +पार्जन ( ग) जीविका + उपार्जन (घ) जीवि+कोपार्जन

(II) ' जेबखर्च ' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए -
(क ) जेब में खर्च (ख) जेब से खर्च (ग) जेब का खर्च (घ) जेब के लिए खर्च

(III) सही विकल्प चुनकर ' स्वस्थ ' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए :-
( क ) स्वास्थ ( ख ) स्वास्थ्य ( ग ) स्वस्थय ( घ ) स्वास्थ्यता

(Iv) 'जीभ' शब्द का पर्यायवाची सही विकल्प चुनकर लिखिए -
(क) सरिता ( ख) मुकुर ( ग ) रसना (घ) अक्षर

**(II) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनिए । 4 x1=4**

(I) 'दोहावली' पाठ के अनुसार संत किसकी भाँति नीर-क्षीर विवेक करते हैं ?
(क ) सुख ( ख) हंस ( ग ) वानर (घ) तुलसीदास

(II) 'गाता खग' कविता के अनुसार फूल हमें क्या संदेश देते हैं ?
( क) रोने का ( ख) मुरझाने का ( ग) सोने का ( घ) सदा मुस्कराने का

(III) 'अशिक्षित का हृदय ' पाठ के अनुसार बूढ़े मनोहर सिंह का नीम का पेड़ किसके पास गिरवी था?
(क ) ठाकुर शिवपाल सिंह के पास ( ख) तेजा सिंह के पास
( ग ) मज़दूरों के पास (घ) मनोहर सिंह के पिता के पास

(Iv) 'नर्स ' पाठ के अनुसार महेश किस सिस्टर से घुल मिल गया था ?
(क ) मरींडा ( ख) मांजरेकर ( ग ) सूसान (घ) सरस्वती

**(III)निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4 x1=4**

करके मीन मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल धर्म धरते हैं
हम राज्य लिए मरते हैं।

(I) कौन से लोग हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करते हैं ?
(क) दुष्ट (ख) बुद्धिमान (विद्वान) (ग) किसान (घ) लालची

(ii) व्यर्थ की बातों को त्यागकर मूल धर्म (सहज धर्म) को कौन से लोग अपनाते हैं?

(क) किसान (ख) अमीर (ग) झगड़ालू (घ) हिंसक

(iii) 'तजकर' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) अपनाकर (ख) त्यागकर (ग) जमा करके (घ) छीनकर

(iv) इस पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है?

(क) इसमें विद्वानों तथा किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है।

(ख) इसमें किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है।

(ग) इसमें किसानों के सहज जीवन की प्रशंसा करते हुए राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन को व्यर्थ कहा गया है।

(घ) इसमें राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन की प्रशंसा करते हुए किसानों के सहज जीवन को व्यर्थ कहा गया है।

**(IV) निम्नलिखित मुहावरे/लोकोक्तियों के बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 3 x1=3**

(i) 'फूल झड़ना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें-

(क) गुलाब झड़ना

(ख) फूल के साथ पत्ते भी झड़ना

(ग) कटु बोलना

(घ) मधुर बोलना

(ii) 'बंदर घुड़की, गीदड़ धमकी ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें-

(क) बंदर द्वारा घोड़े पर चढ़कर गीदड़ को धमकाना

(ख) बंदर द्वारा घोड़ी पर चढ़कर गीदड़ को धमकाना

(ग) झूठा रौब दिखाना

(घ) बंदर द्वारा छलाँगे लगाकर गीदड़ को धमकी देना

(iii) 'हमारी बिल्ली हमीं से म्याऊँ ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें-

(क) सहायता प्रदान करने वाले को नहीं धमकाना

(ख) हमारी बिल्ली का दूसरों के कहने से म्याऊँ- म्याऊँ की आवाज़ निकालना

(ग) हमारी बिल्ली का हमारे कहने से ही म्याऊँ- म्याऊँ की आवाज़ निकालना

(घ) सहायता प्रदान करने वाले को ही धमकाना

**(V) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5 x1=5**

हस्तकला ऐसे कलात्मक कार्य को कहा जाता है जो उपयोगी होने के साथ-साथ सजाने, पहनने आदि के काम आता है। ऐसे कार्य मुख्य रूप से हाथों से अथवा छोटे-छोटे आसान उपकरणों या साधनों की मदद से ही किए जाते हैं। अपने हाथों से सजावट , पहनावे, बर्तन,गहने, खिलौने आदि से सम्बन्धित चीज़ों का निर्माण करने वालों को हस्तशिल्पी या दस्तकार कहा जाता है। इसमें अधिकतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी परिवार काम करते आ रहे हैं। जो चीज़ें मशीनों के माध्यम से बड़े स्तर पर बनायी जाती हैं उन्हें हस्तशिल्प की श्रेणी में नहीं लिया जाता। भारत में

हस्तशिल्प के पर्याप्त अवसर हैं। सभी राज्यों की हस्तकला अनूठी है। पंजाब में हाथ से की जाने कढ़ाई की विशेष तकनीक को फुलकारी कहा जाता है। इस प्रकार की कढ़ाई से बने दुपट्टे, सूट, चादरें विश्व भर में बहुत प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त मंजे (लकड़ी के ढाँचे पर रस्सियों से बने हुए एक प्रकार के पलंग) , पंजाबी जूतियाँ आदि भी प्रसिद्ध हैं। राजस्थान वस्त्रों, कीमती हीरे जवाहरात से जड़े आभूषणों, चमकते हुए बर्तनों, मीनाकारी, वडियाँ, पापड़, चूर्ण, भुजिया आदि के लिए जाना जाता है। आंध्रप्रदेश सिल्क की साड़ियों , केरल हाथी दांत की नक्काशी और शीशम की लकड़ी के फर्नीचर , बंगाल हाथ से बुने हुए कपड़े , तमिलनाडु ताम्र मूर्तियों एवं कांजीवरम साड़ियों, मैसूर रेशम और चंदन की लकड़ी की वस्तुओं, कश्मीर अखरोट की लकड़ी के बने फर्नीचर , कढ़ाई वाली शालों तथा गलीचों , असम बेंत के फर्नीचर , लखनऊ चिकनकारी वाले कपड़ों, बनारस ज़री वाली सिल्क साड़ियों, मध्य प्रदेश चंदेरी और कोसा सिल्क के लिए प्रसिद्ध है। हस्तकला के क्षेत्र में रोज़गार की अनेक संभावनाएँ हैं। हस्तकला के क्षेत्र में निपुणता प्राप्त करके अपने पैरों पर खड़ा हुआ जा सकता है। इसमें निपुणता के साथ-साथ आत्मविश्वास, धैर्य व संयम की भी आवश्यकता रहती है। इस क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि जब आप उत्कृष्ट व अनूठी चीज़ बनाते हैं तो हस्तकला के प्रशंसकों की कमी नहीं रहती। अपने देश के साथ-साथ विदेशों में भी हाथ से बने सामान की माँग बढ़ती है। केन्द्रीय व राज्य-सरकारों द्वारा भी हस्तकला को प्रोत्साहित किया जाता है।

(क) हस्तकला किसे कहते हैं ?

(ख). किन चीज़ों को हस्तकला की श्रेणी में नहीं लिया जाता ?

(ग) पंजाब में हस्तकला के रूप में कौन-कौन सी चीज़ें प्रसिद्ध हैं?

(घ) 'निपुणता' शब्द का अर्थ लिखिए।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**(VI) निर्देशानुसार उत्तर दें -** **6 x1=6**

(i) 'प्रकाश ' शब्द का विशेषण ....................................है। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(ii) ' उगलना' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द..............................है। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(iii) समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'अचल-अचला ' में ' अचल ' का अर्थ ' पृथ्वी ' और 'अचला' का अर्थ ' पर्वत ' होता है। दी गई कोष्ठक ( ) में इस कथन के सही होने पर सही का चिह्न (✔) और गलत होने पर गलत का चिह्न (✖) लगाकर उत्तर दें। ( )

(iv) निम्नलिखित विकल्पों में से 'उत्तर ' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए ।

उत्तर (क) बाद का , उत्तर दिशा, जवाब

(ख) बाद का , किरण , सारा

(ग) जवाब , नीचे उतरना, प्रतिकार

(v) ' जिसका आचरण बुरा हो ' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित में से सही शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :-

जिसका आचरण बुरा हो (क ) सदाचारी

(ख ) दुराचारी

(ग ) अल्पाहारी

(vi) 'सिपाही ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी ' का शुद्ध वाक्य होगा -' सिपाहियों ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी '। 'हाँ' अथवा 'नहीं' ?

(VII) निर्देशानुसार उत्तर दें - 4 x1=4

(i)'मित्रता' निबन्ध के अनुसार अविश्वासपात्र मित्र से भारी रक्षा रहती है।'दी गई कोष्ठक( ) में इस कथन के सही होने पर सही का चिह्न (✔) और गलत होने पर गलत का चिह्न (✖) लगाकर उत्तर दें। ( )

(ii) 'सदाचार का तावीज़' निबन्ध में साधु ने तावीज़ का प्रयोग किस पर किया ? एक वाक्य में उत्तर दें।

(iii) 'सूखी डाली' एकांकी में बेला का मायका अमृतसर शहर में था । दी गई कोष्ठक ( ) में इस कथन के सही होने पर सही का चिह्न (✔) और गलत होने पर गलत का चिह्न (✖) लगाकर उत्तर दें। ( )

(iv) ' देश के दुश्मन ' एकांकी में जयदेव को स्वागत सभा में बीस हज़ार रुपए इनाम में देने के लिए सोचा गया ? 'हाँ ' या ' नहीं ' ?

## भाग-ख

प्रश्न- 2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें- 4 x2=8

(i)' नर्स 'कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ?

(ii) बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गए?' माँ का कमरा ' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें।

(iii) साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने कौन-कौन से ज्ञान प्राप्त किए ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iv) हम अपने देश के सौन्दर्य बोध को किस प्रकार चोट पहुँचाते हैं ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(v) परेश ने दादा जी के पास जाकर अपनी पत्नी बेला के सम्बन्ध में क्या बताया ? 'सूखी डाली' एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

(vi) 'देश के दुश्मन 'एकांकी में जयदेव ने अपनी छुट्टी कैंसिल क्यों करा दी थी ?

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दें-** **3 × 4=12**

(I) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार मनोहर सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए।

(II) चित्रा एक मंझी हुई चित्रकार है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ? 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर उत्तर दें।

(III) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

(IV) 'सत्य में जैसे कुछ घटाना या जोड़ना संभव नहीं रहता वैसे ही सच्चे व्यक्तित्व में भी कुछ घटाना या जोड़ना संभव नहीं है। 'राजेंद्र बाबू' निबंध के आधार पर आशय स्पष्ट करें ।

(V) 'सूखी डाली ' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

## भाग-ग

**प्रश्न-4 निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें -** **5**

ਪੂਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿੱਚ 8 ਮਾਰਚ ਦਾ ਦਿਨ ਮਹਿਲਾ ਦਿਵਸ ਵਜੋਂ ਮਨਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਔਰਤਾਂ ਦੇ ਵਿਕਾਸ ਲਈ ਨੀਤੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਲੜਕੀਆਂ ਦੀ ਸਿੱਖਿਆ ਵੱਲ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤੌਰ 'ਤੇ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ।

## भाग-घ

प्रश्न-5. आपका नाम सुमन शर्मा है। आप सरस्वती वन्दना सीनियर सेकंडरी स्कूल रोपड़ में पढ़ती है। आप अपने स्कूल के एन.एन.एस.यूनिट (राष्ट्रीय सेवा योजना) की सचिव है। आपके स्कूल में दिनांक 25 सितम्बर 2024 को स्थानीय अस्पताल के डॉक्टरों की टीम के सहयोग से तीन दिवसीय 'नेत्र जाँच शिविर' का आयोजन किया गया। डॉक्टरों द्वारा विद्यार्थियों की आँखों की जाँच की गयी और रोगियों को मुफ्त दवाइयाँ दी गयी। उन्होंने विद्यार्थियों को नेत्रों की सफाई व सुरक्षा के बारे में जागरूक भी किया। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

**अथवा**

आपका नाम रविशंकर है। आप मकान नम्बर 456, सेक्टर 15, गुड़गाँव में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1467564545 है। आपका हिसार (हरियाणा) में 'प्रेम नगर' में दस मरले का एक प्लॉट है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'प्लॉट बिकाऊ है' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए। **5**

## भाग-ङ

प्रश्न-6. आपका नाम विराट कुमार है। आप मकान नंबर 342, शिवाजी नगर, मुम्बई में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर 1865899076 है । आप मुम्बई के ' जनचेतना ' समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आपका नाम मनिंदर सिंह है। आप सरस्वती विद्या स्कूल, देहरादून में दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नम्बर 09 है। आप कक्षा के मॉनिटर हैं। आप अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को

स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मंगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए। 7

**प्रश्न-7 निम्नलिखित किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 8**

(क) भ्रूण हत्या : एक जघन्य अपराध (ख) कैरियर चुनाव में स्वमूल्यांकन

(ग) जब मुझे स्कूल के खेल-मैदान से बटुआ मिला

**प्रश्न-8 निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें- 5**

मान लें कि आपका नाम विकास कुमार है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-17, चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 3493455623 है । आपको अपने इस खाते में से दिनांक 24.7.2024 को 6600/-रुपए निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

रुपए निकलवाने का फार्म (जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर-17,चंडीगढ़

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

दिनांक :------------------------

बचत खाता नम्बर ---------------------------------------------------------------

कृपया मुझे---------------------------रु.(रुपए अंकों में)-------------------------------------

(रुपए शब्दों में) का भुगतान करें ।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर----------------------------

**अथवा**

मान लें कि आपका नाम विजय दीनानाथ चौहान है। आपका सुविधा बैंक, शाखा शिमला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 4123345856 है । आपको अपने इस खाते में 45000/- रुपए जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें –

सुविधा बैंक, शाखा शिमला

बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र

जमा बचत खाता नम्बर ------------------------------------------------------------जो कि

--------------------------------के नाम से है, में रुपए------------------------------------------(रुपए अंकों में)---------------------------------(रुपए शब्दों में) जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर------------------------